राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

क्रमांकः F29(33)/RSSB/Result_cell/Driver_2024 दिनांकः **यथा–हस्ताक्षरित**

वाहन चालक सीधी भर्ती परीक्षा 2024
पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु विचारित सूची

बोर्ड द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से राजस्थान राज्य के विभिन्न/अधीनस्थ कार्यालयों के लिए राजस्थान मोटर गैराज अधीनस्थ सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम 1979 यथा संशोधित एवं राजस्थान के अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अंतर्गत **वाहन चालक** के कुल 2756 (गैर–अनुसूचित क्षेत्र के 2602 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 154) पदों के लिए विज्ञापन संख्या 20/2024 दिनांक 11.12.2024, संशोधित विज्ञापन 11.02.2025 एवं 02.12.2025 को जारी किया गया था। इसके लिए परीक्षा का आयोजन दिनांक 23.11.2025 (11.00am to 01.00pm) को किया गया।

वाहन चालक सीधी भर्ती परीक्षा 2024 का वरीयतानुसार परिणाम दिनांक 16.01.2026 को जारी किया गया था। उक्त वरीयतानुसार परिणाम में से लगभग 03 गुणा अभ्यर्थियों को प्रवर्गवार इस परीक्षा के व्यावसायिक परीक्षण (ट्रेड टेस्ट) हेतु अस्थाई रूप से सूचीबद्ध किया गया। इनमें से विभाग द्वारा आयोजित करवाये गये व्यावसायिक परीक्षण (ट्रेड टेस्ट) में पात्र घोषित किये गये समस्त अभ्यर्थियों को पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु पूर्णतः अस्थाई रूप से (Provisionally) विचारित (Shortlist) किया गया है। पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु विचारित (Shortlist) अभ्यर्थियों की सूची **परिशिष्ट–1** पर संलग्न है।

नोट:-

1. किसी भी अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में गलत सूचना प्रस्तुत करने व परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग/उपभोग करने की जानकारी मिलने पर किसी भी समय परिणाम से बाहर किया जा सकेगा।
2. कोई असंगत/अभिलिखित विसंगति सामने आने पर उक्तानुसार जारी परिणाम में संशोधन सम्बन्धी अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित हैं।
3. **पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु विचारित (Shortlist) अभ्यर्थियों के लिये ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फार्म (Scrutiny Form) भरने हेतु पोर्टल दिनांक 30.10.2026 से दिनांक 12.11.2026 तक खुला रहेगा।**
4. उक्त परिणाम माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर में दायर रिट याचिका संख्या 18671/2026, 17003/2026 तथा 17005/2026 में पारित निर्णय के अध्यधीन रहेगा।
5. नवीन व अद्यतन जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

सचिव

RajKaj Ref No.: 25260034

Digitally signed by PREETI MATHUR
Designation: Secretary
Date: 2026-10-29 16:40:09 IST

v-1.0

क्रमांकः F29(33)/RSSB/Result_cell/Driver_2024 दिनांकः **यथा–हस्ताक्षरित**

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, माननीय अध्यक्ष महोदय, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
2. निजी सहायक, माननीय समस्त सदस्य महोदय, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
3. निजी सहायक, सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
4. निजी सहायक, उप सचिव (परीक्षा/कार्मिक), राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
5. वरिष्ठ लेखाधिकारी, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
6. सलाहकार (परीक्षा/विधि/नियम/गोपनीय), राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
7. **प्रभारी अधिकारी, आई.टी.सैल, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करावें।**
8. **भर्ती प्रभारी को लेख है कि संबंधित विभाग से समन्वय करते हुए सूचीबद्ध अभ्यर्थियों के आगे की कार्यवाही संपादित करें।**
9. रक्षित पत्रावली।

सचिव

RajKaj Ref No.:
25260034

Digitally signed by
PREETI MATHUR
Designation: Secretary
Date: 2026-10-29
16:40:09 IST

v-1.0